भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †562

सोमवार, 6 फरवरी, 2023/17 माघ, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

सतत पर्यटन को बढ़ावा

†562. श्री सत्यदेव पचौरीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार सतत और उत्तरदायी पर्यटन स्थलों के विकास और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से देश में क्षेत्रीय कार्यशालाओं का आयोजन करती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और वित्त वर्ष 2020-2021 और 2021-2022 के दौरान ऐसी कार्यशालाओं के आयोजन में कुल कितना खर्च हुआ;

(ग) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश राज्य में ऐसी क्षेत्रीय कार्यशालाओं का आयोजन करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ख): जी, हां। देश में सतत और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों के विकास और सतत पर्यटन के संवर्द्धन के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय ने क्षेत्रीय कार्यशालाओं का आयोजन किया है।

पश्चिमी और मध्य क्षेत्र (मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, दमन और दीव और गोवा) के राज्यों/ संघ शासित क्षेत्रों के लिए पहली क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 29.11.2022 को खजुराहो, मध्य प्रदेश में किया गया था।

पूर्वी क्षेत्र (पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, ओडिशा और अंडमान और निकोबार) के राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के लिए दूसरी कार्यशाला दिनांक 11.01.2023 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में आयोजित की गई थी।

उपरोक्त कार्यशालाओं के आयोजन के लिए 20.18 लाख रुपए के व्यय का अनुमान है।

(ग) से (घ): पर्यटन मंत्रालय उत्तरी क्षेत्र में एक क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित करने पर विचार कर रहा है। इसके लिए स्थान निर्धारित नहीं किया गया है।

*****